प्रेस विज्ञप्ति,

जनपद बस्ती

दिनांक 06.08.2025

थाना पुरानी बस्ती, स्वाट टीम व एसओजी बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में बाबा की हत्या के जुर्म में बालअपचारी(नाती) को लिया गया पुलिस अभिरक्षा में व उसके दोस्त को किया गया गिरफ्तार-

थाना पुरानी बस्ती, स्वाट टीम व एसओजी बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में बाबा की हत्या के जुर्म में पंजीकृत मु0अ0सं0 139/25 धारा 103(1) बीएनएस में बाल अपचारी के दोस्त 1. अजहरुद्दीन उर्फ समीर पुत्र अब्दुल सलाम निवासी संजय कालोनी थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती को दिनांक 05.8.2025 को समय 20.15 बजे चैनपुरवा ओवब्रिज के पास से जब कहीं भागने के फिराक में था, गिरफ्तार किया गया तथा 2. बाल अपचारी को ग्राम रेहरवा थाना पुरानी बस्ती से नियमानुसार दिनांक 06.08.2025 को समय 07.55 बजे संरक्षण में लिया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. बाल अपचारी
2. अजहरुद्दीन उर्फ समीर पुत्र अब्दुल सलाम निवासी संजय कालोनी थाना पुरानी बस्ती, जनपद बस्ती उम्र 21 वर्ष

गिरफ्तारी का स्थान व समय-

दिनांक 05.8.2025 को समय 20.15 बजे चैनपुरवा ओवब्रिज के पास से(अभियुक्त)

दिनांक 06.08.2025 को समय 07.55 बजे ग्राम रेहरवा थाना पुरानी बस्ती(बाल अपचारी)

बरामदगी का विवरण-

1. 01 अदद लोहे की पाईप रक्त रंजीत
2. 01 अदद ईंट का अद्धा रक्त रंजीत
3. 01 अदद धोती रक्त रंजीत
4. 01 अदद प्रिंटेट बेडशीट का टूकडा रक्त रंजीत
5. 01 अदद हिन्दुस्तान अखबार दिनांक 04.08.25 के सात पेज रक्त रंजीत
6. 01 अदद सेंडो बनियान रक्त रंजीत
7. 01 अदद टी-शर्ट अभियुक्त अजहरुद्दीन की रक्त के धब्बे लगे हुए।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

गत दिनांक 04.08.2025 को थाना पुरानी बस्ती को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रेहरवा में किराये के मकान में रह रहे रिटायर्ड फौजी रमापति पाण्डेय पुत्र स्व0 कृपाशंकर पाण्डेय निवासी आमबारी थाना रुधौली जनपद बस्ती की लोहे के राड व ईंट का अद्धा मारकर हत्या कर दिया गया है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती व थाना स्थानीय पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुचीं तथा सूचना पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची। मौके पर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए उच्चाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण उपरान्त घटना का अनावरण हेतु तत्काल टीमें गठित की गयी तथा टीमों द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी

हेतु पतारसी सुरागरसी किया गया। आवेदक श्री सन्तोष कुमार पाण्डेय पुत्र रमापति पाण्डेय निवासी ग्राम आमबारी पोस्ट आमबारी थाना रुधौली जनपद बस्ती के लिखित सूचना पर मु0अ0सं0 139/25 धारा 103(1) बीएनएस बनाम (1) बाल अपचारी (2) अजहरुद्दीन उर्फ समीर पुत्र अब्दुल सलाम निवासी संजय कालोनी थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती के विरुद्ध पंजीकृत किया गया । जिसके क्रम मे अभियुक्त अजहरुद्दीन उर्फ समीर पुत्र अब्दुल सलाम निवासी संजय कालोनी थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती को दिनांक 05.8.2025 को चैनपुरवा ओवब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया तथा दिनांक 06.8.2025 को बालअपचारी को ग्राम रेहरवा थाना पुरानी बस्ती से संरक्षण में लिया गया ।

अभियुक्त व बाल अपचारी ने पूछताछ के दौरान बताया कि बाल अपचारी तथा अभियुक्त अजहरुद्दीन उर्फ समीर पुत्र अब्दुल सलाम उपरोक्त आपस में दोस्त थे तथा एक साथ घूमते फिरते थे । बाल अपचारी अपने बाबा के साथ किराये के मकान में रेहरवा में रहता था इन दोनो के अलावा घर पर कोई अन्य व्यक्ति नहीं रहता था । बाल अपचारी द्वारा अपने बाबा से बार-बार रुपये की मांग की जाती थी तथा इसको लेकर के विवाद भी करता था तथा वह बाबा को रुपये के लिये प्रताडित भी करता था। कई दिनों से मोबाईल खरीदने के लिये उनसे पैसे मांग रहा था तथा अभियुक्त अजहरुद्दीन उर्फ समीर पुत्र अब्दुल सलाम एक नशेडी नवयुवक है, जिसके संगत में पड गया था तथा उसके साथ नशा करता था। दिनांक 04.08.2025 को बाल अपचारी अपने बाबा से मोबाईल खरीदने के लिये पैसा मांगने लगा, जिसपर दोनो के बीच कहा सुनी हुई तथा बाबा द्वारा गुस्से में माँ की गाली दिये जाने पर बाल अपचारी द्वारा बगल में रखा लोहे की पाईप से सिर में मार दिया गया । बाबा उसको पकड़ना चाहे कि अजहरुद्दीन उर्फ समीर ने मौके पर पडे ईंट के अद्धे से पीछे से सिर में मार दिया जिससे वह तख्त पर गिर गये । दोनों ने देखा कि उनकी मृत्यु हो गयी है तो पूजा घर मे गये पूजा घर की मेज पर देवी देवताओं की फोटो के पीछे रखी चाभी को उठाकर पूजा घर में रखे दोनो बक्सो को खोलकर रुपये की तलाश किये परन्तु बक्से में कोई पैसा नही था । अजहरुद्दीन ने ईंट के अद्धे को पूजा घर में देवी देवताओं के फोटो के पीछे रखकर चुनरी से ढक दिया तथा दोनो मौके से भाग गये। अभियुक्त अजहरुद्दीन उर्फ समीर के निशानदेही पर आला कत्ल ईंट का अद्धा बरामद किया गया ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती महेश सिंह, जनपद बस्ती।
2. वरि0उ0नि0 एखलाक अहमद, प्रभारी चौकी हडिया उ0नि0 संजय कुमार, चौकी प्रभारी दक्षिण दरवाजा उ0नि0 ओमप्रकाश मिश्र थाना पुरानी बस्ती, जनपद बस्ती ।
3. प्रभारी स्वाट उ0नि0 संतोष कुमार जनपद बस्ती मय टीम
4. प्रभारी SOG उ0नि0 चन्द्रकांत पाण्डेय जनपद बस्ती मय टीम
5. प्रभारी सर्विलांस सेल उ0नि0 शशिकान्त, जनपद बस्ती मय टीम
6. का0 अनिल यादव, का0 अनिल कुमार, का0 रामभगत यादव, का0 कृष्ण मोहन यादव, का0 बलवंत यादव थाना पुरानी बस्ती, जनपद बस्ती।